# एससीईआरटी दिल्ली में एमसीडी नोडल शिक्षकों के लिए एनईपी मास्टर प्रशिक्षण सम्पन्न, 200 शिक्षक हुए प्रशिक्षित

नई दिल्ली (टाउनहॉल टाइम्स नेटवर्क न्यूज): दिल्ली के सभी एमसीडी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने के लिए एससीईआरटी दिल्ली ने 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय एनईपी मास्टर प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुल 4 बैच बनाए गए, जिनमें प्रत्येक बैच में 50 नोडल शिक्षकों को मास्टर प्रशिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षित किया गया, अर्थात कुल 200 शिक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में बाल-केंद्रित, नवाचार-प्रधान और अभिभावक-सहभागी शिक्षा मॉडल को लागू करना था। तीनों दिनों में प्रतिदिन चार सत्रों के माध्यम से मास्टर शिक्षकों



को एनईपी चाइल्ड, एनईपी विद्यालय, एनईपी शिक्षक और एनईपी अभिभावक से संबंधित आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और रणनीतियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. गीता खत्री, डॉ. सोनू लाल गुप्ता, गीता तंगनिया, श्रेया जैन, कविता घोष, राहुल निझारा, करमजीत सिंह सोढ़ी, डॉ विद्या सागर मालिक, रोहित उपाध्याय, जोगिंदर कुमार, धर्मिन्दर डागर और ऋचा चहल ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन अवसर पर एससीईआरटी दिल्ली के सचिव डॉ. मुकेश यादव और नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ तपश्री, मोहम्मद शाहनवाज, कृतिका सिंह, मो. जबिहुल कमर जुगनू ने कुशलतापूर्वक किया। एससीईआरटी ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से एमसीडी स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को व्यवहारिक रूप से लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया है।